भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 913
बुधवार, दिनांक 04 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>अल्ट्रा-मेगा सौर परियोजना</u>

913. डॉ. बायरेड्डी शबरीः
श्री तंगेला उदय श्रीनिवासः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सौर पार्क योजना के अंतर्गत योजना की शुरुआत से अब तक स्वीकृत किए गए सौर पाकों एवं अल्ट्रा-मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है तथा विगत पाँच वर्षों के दौरान वर्षवार स्वीकृत कुल क्षमता (मेगावाट में) का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत बिगत पाँच वर्षों के दौरान शुरू की गई सौर क्षमता (मेगावाट में) का ब्यौरा क्या है और वर्तमान में निर्माणाधीन क्षमता तथा लंबित अथवा अभी तक आबंटित न की गई क्षमता का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं जारी की गई कुल केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) का राज्यवार एवं वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) आंध्र प्रदेश से संबंधित लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा परियोजना का स्थान, भूमि उपलब्धता की स्थिति, वैधानिक एवं पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ, पारेषण निकासी व्यवस्थाएँ, अनुरोध की गई एवं जारी की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता तथा स्वीकृति का ब्यौरा क्या है अथवा कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) "सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं का विकास" योजना के अंतर्गत 39,973 मेगावाट की संचयी क्षमता के कुल 55 सोलर पार्क स्वीकृत किए गए हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान स्वीकृत सौर पार्कों का वर्ष-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।
(ख) स्वीकृत की गई 39,973 मेगावाट की कुल क्षमता में से सोलर पार्कों में, 16,121 मेगावाट क्षमता चालू की गई है, जिसमें से 8176 मेगावाट पिछले पांच वर्षों में चालू की गई है। पिछले 5 वर्षों के दौरान चालू की गई सौर क्षमता का विवरण **अनुलग्नक II** में दिया गया है।
(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य और वर्ष-वार जारी की गई कुल केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।
(घ) वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत एमएनआरई में आंध्र प्रदेश राज्य से कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। आन्ध्र प्रदेश राज्य को जारी केन्द्रीय वित्तीय सहायता का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। आंध्र प्रदेश राज्य के लिए कुल मिलाकर 4200 मेगावाट स्वीकृत की गई है।

‘<u>अल्ट्रा-मेगा सौर परियोजना</u>’ के संबंध में पूछे गए दिनांक 04.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 913 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

विगत 5 वर्षों में स्वीकृत सौर पार्कों का वर्ष-वार ब्यौरा

वित्तीय वर्ष	**स्वीकृत क्षमता (मेगावाट)**
2020-21	3698
2021-22	16704
2022-23	0
2023-24	1165
2024-25	2000
2025-26 (चालू वर्ष)	650

‘अल्ट्रा-मेगा सौर परियोजना’ के संबंध में पूछे गए दिनांक 04.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 913 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

विगत पांच वर्षों में चालू की गई क्षमता

वित्तीय वर्ष	**चालू की गई क्षमता (मेगावाट)**
2020-21	452
2021-22	1604
2022-23	136
2023-24	1304
2024-25	1363
2025-26 (दिसम्बर 2025 तक)	3317
	8176

'अल्ट्रा-मेगा सौर परियोजना' के संबंध में पूछे गए दिनांक 04.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 913 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-III

विगत पांच वर्षों में राज्यों को जारी की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता

(सभी राशि करोड़ रु. में)

राज्य	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
आंध्र प्रदेश	-	-	-	-	83.9	21.6
छत्तीसगढ	-	-	-	14.3	2.8	3.0
गुजरात	-	28.0	522.2	505.1	-	53.8
झारखंड	-	-	-	-	-	7.3
झारखंड और पश्चिम बंगाल	-	-	-	-	-	55.0
कर्नाटक	-	40.0	-	-	-	-
केरल	6.7	-	2.5	-	7.4	3.9
मध्य प्रदेश	-	50.8	109.4	59.3	73.9	50.4
महाराष्ट्र	-	-	12.0	-	-	-
मिजोरम	-	0.5	1.3	-	2.2	-
ओडिशा	-	-	-	-	-	3.0
राजस्थान	61.4	87.2	-	97.5	48.5	98.5
उत्तर प्रदेश	-	0.9	28.8	39.3	155.1	-

*****